**खबर संक्षेप**

## मंदिर और खेत मे रखी मोटरसाइकिल चोरी

**ढीमरखेड़ा।** उमरियापान क्षेत्र में इन दिनों चोरों के हौसलें बुलंद हैं। एक सप्ताह के भीतर दो मोटरसाइकिल चोरी होने के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। बीती शनिवार की रात बम्हनी के महावीर तिराहा स्थित हनुमान मंदिर के भीतर से चोरों ने मोटरसाइकिल का लॉक तोड़कर ले भागे। उस रात्रि मंदिर में कोई नहीं था। सुबह देखा तो मंदिर में मोटरसाइकिल नही मिली। वहीं इसके पहले बनेहरी में गया प्रसाद चौरसिया के खेत से मोटरसाइकिल लेकर चोर फरार हो गए। यहाँ चोर अपनी साइकिल छोड़ और मोटरसाइकिल लेकर भागे है। दोंनो मोटरसाइकिलों की तलाश करने के बाद नहीं मिली। पीड़ति लोगों ने उमरियापान पुलिस थाना पहुँचकर मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई है। थाना प्रभारी सिद्धार्थ राय ने बताया कि अज्ञात चोरों द्वारा मोटरसाइकिल चोरी किये जाने की शिकायत मिली है, जांच की जा रही है।

## अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने निर्देश जारी

सतना

अक्षय तृतीया के अवसर पर प्रायः अत्याधिक संख्या में विवाह संपन्न होते हैं। जिसमें बाल विवाह होने की अधिक संभावनाएं होती हैं। अक्षय तृतीया पर बाल विवाह जैसी कुरीति को रोकने के लिये शासन स्तर से प्रदेश के समस्त जिला कलेक्टर्स को दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। महिला बाल विकास विभाग मध्य प्रदेश द्वारा जिला कलेक्टरों से कहा गया है कि बाल विवाह की सूचना प्राप्त करने के लिये प्रत्येक वार्ड एवं ग्राम में सूचना तंत्र गठित कर सक्रिय किया जाये। सूचना तंत्र में शिक्षक, आशा,एएनएम,स्व-सहायता समूह की सदस्य,शौर्यादल की अध्यक्ष/ समन्वयक/ सदस्य, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मातृ सहयोगिनी समिति,सरपंच, पंच, सचिव एवं ग्राम के नागरिकों को शामिल किया जाये। सूचना तंत्र के सहयोगी क्षेत्र में हो रहे बाल विवाह की सूचना से जिला प्रशासन एवं दूरभाष पर जिला कंट्रोल रुम को अवगत करायेंगे। इसके अलावा कोई भी व्यक्ति बाल विवाह की सूचना नजदीकी थाना,चाईल्ड लाइन नंबर 1098 एवं सीएम हेल्पलाइन नंबर 181 पर दे सकता है। संचालनालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि बाल विवाह जैसी कुरीति पर रोकथाम के लिये विवाह में सेवा देने वाले सेवा प्रदाताओं (प्रिटिंग प्रेस, धर्मगुरु, बैंडवाला, हलवाई,केटरिंग, ट्रांसपोर्टर) एवं समाज के मुखिया,जनप्रतिनिधियों एवं अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधियों की कार्यशाला जिला खंड स्तर पर आयोजित की जाये। उन्हें बताया जाये कि बाल विवाह में अपनी सेवायें नहीं प्रदान करें। विवाह के पूर्व वर-वधु के उम्र संबंधी दस्तावेंजो का परीक्षण करने के बाद ही अपनी सेवायें देंगे। इसके साथ ही सामूहिक विवाह करने वाले आयोजकों से इस आशय का शपथ प्राप्त करेंगे कि वे अपने आयोजनों में बाल विवाह नहीं करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में बाल विवाह की कुरीति को समाप्त करने के लिए वर्ष 2013 से लाड़ो अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के परिणामस्वरूप अब तक परामर्श से ही लाखों की संख्या से अधिक बाल विवाह रोकने में सफलता मिली है। लाड़ो अभियान के तहत लोगों को व्यापक स्तर पर बताया जा रहा है कि बाल विवाह रोकथाम अधिनियम 2006 की धारा-9,10,11 और 13 के अन्तर्गत बाल विवाह कराने अथवा उसमें सहयोग देने वालों के लिए दो वर्ष का कारावास अथवा एक लाख रूपये का जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है।

### जिले में विकास और रोजगार के स्थापित होंगे नये आयाम, मझगवां में प्रस्तावित है योजना

# 11 साल बाद भी अधर में लटकी योजना, जिले के विकास को नहीं लग पा रहे हवाई सफर के पंख



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के विकास में हवाई पटटी की सौगात बड़ी उपलब्धियों में से एक है लेकिन अभी यह सपना सच नहीं हो पा रहा है। बड़वारा तहसील के मझगवां में प्रस्तावित हवाई अडडा निर्माण से न सिर्फ जिले का नाम देश के हवाई रूट में शुमार हो जायेगा बल्कि स्थानीय स्तर पर ही क्षेत्र का कायाकल्प हो जायेगा। विमानों की नियमित आवाजाही से पर्यटन व उघोग को भी बढ़ावा मिलेगा। वही औघोगिक राह आसान होगी। मझगवां जो हाल फिलहाल साधारण पंचायत है इस सुविधा के साथ ही यहां विकास की अपार संभावनायें बनेगी। वैसे भी भागौगिक स्थिति के लिहाज से प्रस्तावित हवाईअडडा एनएच 43 के साथ ही कटनी से तहसील मुख्यालय बरही को जोड़ने वाले स्टेट हाईवे को सीधे जोड़ता है। दो मुख्य मार्गो के साथ ही यहां पड़ोसी उमरिया जिले के लिये सीधा सड़क मार्ग भी है। मझगवां में पर्यटन आधारित व्यापार विकसित होगा। इस सौगात से जहां जिले का तेजी विकास होगा वहीं रोजगार के भी नये आयाम स्थापित होंगे जिससे स्थानीय स्तर पर युवाओं को पलायन नहीं करना पड़ेगा।

गौरतलब है कि जिले में ओघोगिक विकास की संभावनाओं के मददेनजर हवाई पटटी के निर्माण का प्रस्ताव लगभग एक दशक से फाइलों में कैद है। हवाई पट्टी निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग ने एक बार फिर तैयारी शुरू कर दी है। बजट में शामिल होने के बाद अब नए सिरे से हवाई पट्टी निर्माण की प्रक्रिया शुरू होंगी लोक निर्माण विभाग इसके लिए डीपीआर तैयार करएगा। विभाग से आदेश जारी होने के बाद अब डीपीआर के लिए टेंडर जारी किए जाने की तैयारी की जा रही है। विदित है कि हवाई पट्टी निर्माण की कोशिशें साल 2013 में मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा किए जाने के बाद से ही शुरू हो गई थीं। विभाग अब तक तीन बार डीपीआर तैयार कर चुका है। विमानन विभाग भोपाल द्वारा अगस्त 2022 को स्थल निरीक्षण भी कर लिया गया था। ह अब सभी प्रक्रिया नए सिरे से होंगी।

जानकारी के अनुसार पूर्व में हुए सर्वे के अनुसार मझगवां में पहले 18 मीटर लंबी हवाई पट्टी के निर्माण के लिए 1463.74 लाख रूपए् का प्राक्कलन तैयार कर मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग भोपाल को भेजा था। तत्कालीन कलेक्टर के निर्देश पर इसमें संशोधन हुआ और 22 मीटर लंबी हवाई पट्टी के निर्माण के लिए 1879.99 लाख रुपए का डीपीआर तैयार कर भेजा गया। इसके बाद नवंबर 2014 को सड़क कार्य एवं अक्टूबर 2014 को भवन कार्य के प्रचलित अनुसूचित धर्म परिवर्तन होने के कारण 2196.68 लाख रुपए की डीपीआर तैयार कर भेजी गई। लोक निर्माण विभाग द्वारा पूर्व में तैयार की गई डीपीआर के अनुसार हवाई पट्टी का निर्माण करीब 58.61 हेक्टेयर भूमि पर होना है। इसके अलावा 11.64 हेक्टेयर निजी भूमि का अधिग्रहण किया जाना प्रस्तावित है।

### हर तरह से उपयुक्त है जगह

जानकारों का कहना है कि चारो तरफ से रेलमार्ग से जुड़े होने के कारण जिले में व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिला है। कटनी देश का महत्वपूर्ण जंक्शन है। जंक्शन में होने के साथ ही देश के प्रमुख शहरों से रेल कनेक्टिविटी है। कटनी से मध्य प्रदेश के तीन टाइगर रिजर्व बांधवगढ़, पन्ना तथा रीवा तक पहुंचने के लिए सुलभ मार्ग है। इन सुविधाओं को ध्यान में रखकर देशी और विदेशी पर्यटक बड़ी संख्या में कटनी पहुंचते हैं। इन पर्यटकों की सुविधा को भी ध्यान में रखकर स्थानीय नागरिक कटनी में हवाई पट्टी निर्माण की मांग लंबे समय से कर रहे हैं। वर्तमान में कटनी में किसी को इमरजेंसी में बेहतर इलाज की जरूरत पड़ जाए तो एयर एंबुलेंस से बड़े शहरों तक जल्दी पहुंचना संभव नहीं है हवाई पट्टी निर्माण के बाद नागपुर मुंबई दिल्ली तक पहुंचने में समय की बचत होगी।

## जिला बदर का आरोपी अवैध शराब के साथ पकड़ाया

सतना।

सिविल लाइन थाना पुलिस ने जिला बदर के एक आरोपी को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है।आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीबद्ध किया गया है।गिरफ्तार किए गए आरोपों का नाम बबली उर्फ शिवेन्द्र सिंह पिता स्व.मंगलेश्वर सिंह उम्र 20साल निवासी अहरीटोला थाना सिविल लाइन है। उसके कब्जे से देशी प्लेन शराब कुल 54 लीटर जप्त की गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति जेपीरोड बगहा रेलवे लाइन के पास अत्यधिक मात्रा में अवैध शराब बिक्री परिवहन करने के लिये रखे है सूचना की तस्दीक हेतु तत्काल पुलिस टीम रवाना कर रेड कार्यवाही की गई। आरोपी जिला बदर का आरोपी होना पाया गया जो अवैध शराब लिये होना पाया गया।जिसके विरुद्ध कलेक्टर महोदय के जिला बदर आदेश का उल्लंघन किये जाने पर धारा 14 राज्य सुरक्षा अधिनियम पंजीबद्ध किया गया है एवं आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया गया जो न्यायालय द्वारा जेल भेजा गया है।

*रविवार की शाम मिशन चौक में की गई कार्रवाही*

## यातायात पुलिस ने ई रिक्शा चालकों के खंगाले दस्तावेज, लगाया गया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



ई-रिक्शा का गैर-लाइसेंसधारी, अप्रशिक्षित, कम उम्र के चालकों द्वारा संचालन इन्हें बेहद खतरनाक बना देता है। ई-रिक्शा में बैठे यात्री भी असुरक्षित होते हैं। इनकी बैटरी भी असुरक्षित तरीकों से चार्ज की जाती हैं। साथ ही यातायात के सुचारू रूप से संचालन में ई-रिक्शा सबसे ज्यादा रोड़ा बनते हैं।

ई रिक्शा चालकों की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए रविवार को यातायात पुलिस के द्वारा मिशन चौक पर शाम सघन जांच कर कार्रवई की गई। मिशन चौक से होकर गुजरने वाले ई-रिक्शा चालकों के दस्तावेज चेक करते हुए बगैर दस्तावेज एवं लाइसेंस के पाए गए एक दर्जन से भी अधिक ई रिक्शा चालकों के खिलाफ जुर्माना भी लगाया गया।

कार्यवाही के संबंध में जानकारी देते हुए यातायात थाना प्रभारी ने बताया कि ई रिक्शा चालकों की मनमानी के संबंध में लगातार शिकायतें सामने आती रहती हैं। बाजार के व्यस्ततम क्षेत्र में भी ई रिक्शा चालक मनमानी करने से बाज नहीं आते। शहर में कई ई रिक्शा चालक बगैर दस्तावेज के ही सड़क पर फर्राटा भरते रहते हैं। नियम विरुद्ध तरीके से वाहन चलाने वाले ई रिक्शा चालकों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में मिशन चौक पार रविवार शाम विशेष चेकिंग अभियान चलाकर ई रिक्शा चालकों के दस्तावेज चेक किए गए। जांच के दौरान बगैर दस्तावेज एवं लाइसेंस के पाए गए ई रिक्शा चालकों के खिलाफ चालानी कार्यवाही की गई है। यातायात थाना प्रभारी श्री पांडे ने कहा कि ई-रिक्शा चालकों की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए आगामी दिनों में भी इसी तरह की कार्यवाही को अंजाम दिया जाएगा।

## बाजार में रसील फल तरबूज की मांग बढ़ी



राजाना बढ़ रहे तापमान को देखते हुए बाजारों में रसीले फलों की विक्री काफी बढ़ गई है। बाजारों में तरबूज, खरबूजा, आम, संतारा जैसे फलों को ले कर लोग गर्मी से बचने का प्रयास कर रहे हैं। गर्मियों में रस दार फल लोगों की सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। फुटकर बाजार में तरबूज 20 रूपए प्रति किलो बिक रहा है जिससे तरबूज की विक्री में काफी इजाफा देखने को मिल रहा है। फल विक्रेता भी अधिक से अधिक तरबूज रखने लगे हैं तरबूज की अच्छी आवक के चलतें लोगों को काफी मुनासिब दामों में तरबूज मिल रहा है।

## परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में साप्ताहिक कार्यक्रमों के आयोजनों की हुई शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिला ब्राह्मण समाज महिला मंडल के द्वारा परशुराम जयंती के जन्मोत्सव के उपलक्ष में साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं जिसमें रविवार 5 को ब्राह्मण सत्संग भवन में ब्राह्मण बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन जैसे रंगोली, मेहंदी, ड्राइंग ,स्केचिंग, एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। 7 मई को महिलाओं द्वारा पूजा की थाली सजाओ, केस सज्जा, व्यंजन बनाओ, नृत्य प्रतियोगी खेल प्रतियोगिता आयोजित होगी। 10 मई को विशाल शोभा यात्रा गोल बाजार रामलीला मैदान से शाम 5:00 बजे प्रारंभ होकर ब्राह्मण ब्राह्मण सत्संग भवन में परशुराम जी की आरती के साथ प्रसाद वितरण कर समापन होगा। आयोजन में कल्पना दुबे गीता पाठक, उषा पांडे, शशि शुक्ला, मनीष गौतम, संगीता तिवारी, माधुरी तिवारी, कमलेश मिश्रा, आदि समस्त महिला मंडल शामिल रहा।हिंदू पौराणिक कथाओं में भगवान विष्णु का छठा अवतार महर्षि परशुराम का माना जाता है। भगवान परशुराम जन्मोत्सव 10 मई शुक्रवार को मनाने हेतु भव्य तैयारियां की जा रही हैं। इस दिन भगवान परशुराम के भक्त महर्षि के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित करने के लिए मंदिरों में भी जाते हैं जो विशेष रूप से महर्षि को समर्पित हैं। वे भगवान विष्णु को समर्पित मंदिरों में भी जाते हैं क्योंकि उन्हें उनका अवतार माना जाता है।

*भक्तो के कष्ट हरने अवतरित होते है भगवान श्रीकृष्ण*

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर झूमे श्रद्धालु, भजन व कीर्तन से गुंजायमान हुआ पंडाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की। भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य अवसर पर जब व्यासपीठ से यह भजन गूंजे तो समूचा वातावरण आनंद से भर गया। ग्राम गताखेड़ा में आयोजित श्रीमदभागवत ज्ञानयज्ञ में कथा के चतुर्थ दिवस पर कथा वाचक खाटू श्याम धाम से पधारे आचार्य पं ब्रजेश कृष्ण शास्त्री के सानिध्य में भगवान के जन्मोत्सव का कथा रस बरसा।

बालकृष्ण की सुंदर झांकी देख श्रद्धालु विभोर हो गए। जन्मोत्सव के खास अवसर के लिए कथा पांडाल को गुब्बारों और फूलों से सजाया गया। नन्हें मुन्हें बच्चे भी कृष्ण रूप में श्रद्धालुओं को लुभा रहे थे। वसुदेव जब डलिया में बाल कृष्ण को डलिया में लेकर निकले तो उनकी एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ मच गई। श्रद्धालु कृष्णभक्ति में विभोर होकर नाच उठे। व्यास पीठ से आचार्य ब्रजेश शास्त्री ने धर्म सभा मे कहा जब जब धरा में धर्म की हानि होती अत्याचार अनाचार बढ़ जाता हैं तब तब निराकार ब्रह्म साकार रूप में धरती पर आते हैं और दुष्टों का नाश कर धर्म की पताका फहराते हैं।

महाराज श्री ने कथा का गूढ़ रहस्य समझाते हुए कहा इस धरती में माता पिता ही हमारे भगवान हैं। बगैर इनकी पूजा किए आप कोई भी तीर्थ जाओ तो वहाँ मंदिर तो दिख जाएगा पर मंदिर में बैठे हुए वांके विहारी नही दिखेंगे । अगर मंदिर में बैठे विग्रह में ईश्वर के दर्शन चाहते हो तो घर मे बैठे माता पिता अथवा गुरू की सदैव शरण मे रहो।दिव्य कथा में संध्याकालीन आरती कर कथा को विश्राम दिया गया व प्रसाद का वितरण किया गया।

इस दौरान गाता खेड़ा सहित आसपास के ग्रामों के सैकड़ों भक्त माताएं बहने युवा बुजुर्ग भक्त रस का पान कर रहे है। आयोजन में अनिल मिश्रा, सुनील मिश्रा एडवोकेट, मुकेश मिश्रा, धर्मेंद्र मिश्रा आयुष मिश्रा, सावंत मिश्रा, धीरेन्द्र मिश्रा, ध्रुव मिश्रा, दर्शित मिश्रा, सहित सैकड़ों स्थानीय जनो की बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

### ज्यादा तेल मसालों से बने खाद्य पदार्थों के सेवन से रखें परहेज

## भीषण गर्मी में जरा सी लापरवाही स्वास्थ पर पड़ सकती है भारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



दिनों दिन बढ़ रहा गर्मियों का स्वास्थ्य के लिए कई परेशानियां पैदा कर रहा है। खासकर हमारे शरीर को गर्मियां कुछ खास पसंद नहीं आतीं। इस मौसम में हमारे शरीर में कई सारी समस्याएं होने लगती हैं। ऐसे में खाने पीने में थोड़ी सी भी लापरवाही भारी पड़ सकती है।

गर्मियों में तापमान बढ़ने के चलते शरीर में पानी की कमी होने लगती है। जिसके चलते डिहाइड्रेशन होता है और हमें कई बार गंभीर समस्याओं से जूझना पड़ जाता है। इसलिए यह बेहद जरूरी है कि हम खाने में हेल्दी फूड्स को शामिल करें। इससे न सिर्फ शरीर को ऊर्जा मिलती है बल्कि बॉडी डिहाइड्रेट होने से भी बचती है। विशेषज्ञों द्वारा इस मौसम में खान पान को लेकर सतर्क किया जाता रहा है जिससे गर्मी के मौसम की वजह से होने वाली कई बीमारियों से आप बच सकते हैं। गर्मियों के मौसम में सेहतमंद रहने के लिए टमाटर का सेवन किया जा सकता है। इसमें काफी मात्रा में एंटी-ऑक्सीडेंट्स और विटामिन-C पाया जाता है। जो आपको हेल्दी रखनें में सहायता करता है। समर सीजन में ज्यादातर दही खाने का सिलसिला शुरू हो जाता है। दही में प्रोबायोटिक होते हैं और ये हमारी आंतों के लिए बेहद फायदेमंद होता है। दही से पाचन तंत्र भी ठीक रहता है। गर्मियों में छाछ भी शरीर के लिए फायदेमंद होती है। छाछ से पाचन तंत्र ठीक रहने के साथ ही ये पेट की गर्मी से भी शरीर को राहत देती है। गर्मियों में शरीर को डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए संतरे का सेवन बेहद लाभदायक होता है। इसमें काफी मात्रा में विटामिन-C मौजूद होता है। ये भी शरीर को बीमारियों से बचाने के लिए कारगर साबित होता है। समर सीजन में हल्का फुल्का खाने के शौकीन हैं, तो अपनी डेली डाइट में सलाद भी लें। ये आपके शरीर के लिए काफी बेहतर रहेगा। सलाद में खीरा, टमाटर, गाजर, अंगूर आदि का उपयोग किया जा सकता है। गर्मी की तपती धूप में तरबूज का सेवन किया जाना चाहिए। इसमें 90 फीसदी से ज्यादा पानी होता है। ऐसे में तरबूज खाने से शरीर में पानी की कमी होने का खतरा काफी कम हो जाता है।गर्मी के मौसम में छोटे बच्चों पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। ऐसे मौसम में सावधानी बरतने और मासूमों के खानपान का विशेष ध्यान रखना चाहिए। बढ़ती गर्मी में बच्चों की सेहत का ख्याल रखें ताकि बच्चे स्वस्थ रह सकें। धूप में बच्चों को बाहर नहीं निकालें। बच्चों के शरीर को सूती कपड़े से ढककर रखें। बच्चों के खानपान पर भी अधिक ध्यान देने की आवश्यकता होती है। हरी सब्जी के साथ तरल पदार्थ का सेवन कराया जाना चाहिए, अधिक धूप में न निकलने दें, पानी की कमी हाने पर तत्काल से ओआरएस का घोल पिलाना शुरू कर देना चाहिए। इसके साथ ही बुजुर्गो का भी इस मौसम में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत हो जाती है, अधिक तेल मसाला से बने पदार्थ देने से बचना चाहिए।

## नाली का गंदा पानी पीने मजबूर हैं वार्डवासी, बीमारी की बढ़ी आशंका





हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़

नगर परिषद क्षेत्र की वार्ड क्रमांक 12 में बिगत माह से नाली निर्माण चल रहा है, किंतु स्थानीय प्रशासन व ठेकेदार की मिली भगत से हो रही लेट लतीफ के कारण नालियों में भरे बदबूदार गंदा पानी पाइप लाइन में पेयजल सप्लाई के साथ चला जाता है। जिसकी जानकारी वार्ड वासियों द्वारा नगर परिषद प्रशासन व जनप्रतिनिधियों को दी गई किंतु कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।दूषित पेयजल के उपयोग से वार्ड वासी बीमार हो रहे हैं। वार्ड के शिवराम छोटू राजभान सेन पप्पू गुप्ता, माया गुप्ता, राजकुमार गुप्ता कमलेश गुप्ता, बलराम गुप्त, लाल गुप्ता आदि ने स्थानीय प्रशासन का ध्यान आकर्षण करते हुए अपेक्षा की है कि बरसात से पूर्व बंद नाली का निर्माण पूर्ण कराया जाए। निराकरण न होने पर वार्ड वासियों ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

**खबर संक्षेप**

## 14 वर्षों से फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

**कटनी।** चोरी के एक मामले में पिछले 14 वर्षों से फरार चल रही स्थाई वारंटी को जीआरपी पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। वारंटी की गिरफ्तारी को लेकर जानकारी देते हुए जीआरपी थाना प्रभारी अरुणा वाहने ने बताया कि 5 मई 24 को न्यायालय श्रीमती पूर्णिमा सिंह बघेल जेएमएफसी न्यायालय कटनी के प्रकरण क्रमांक 3184/10 अपराध क्रमांक 169/10 धारा 379, 356, 34 आईपीसी के स्थाई वारंटी सीता घसिया पिता नीरज घसिया निवासी महेंद्रगढ़ जिला कोरिया एवं स्थाई वारंटी सुमन उर्फ लक्ष्मी उर्फ बबली घसिया पिता राजेश घसिया निवासी महेंद्रगढ़ थाना महेंद्रगढ़ जिला कोरिया छत्तीसगढ़ की तलाश करते स्थाई वारंटी की सकुनत पर पहुंचे। स्थाई वारंटी सकुनत पर दस्तयाब हुई, जिन्हें विधिवत अभिरक्षा में लेकर गिरफ्तार कर न्यायालय कटनी के समक्ष पेश किया गया। स्थाई वारंटी को तामील करने में थाना जीआरपी कटनी निरीक्षक अरुणा वाहने, सहायक उप निरीक्षक निर्दोष टोप्पो, प्रधान आरक्षक राघवेंद्र शर्मा, आरक्षक सरफराज खान, महिला आरक्षक ज्योति तिवारी, चौकी जीआरपी अनूपपुर से महिला आरक्षक प्रीति विश्वकर्मा, थाना मनेंद्रगढ़ स्टाफ प्रधाना आरक्षक मुनेश्वर राम भगत, उत्तर कुमार, म. आरक्षक दिनको तिर्की की सराहनीय भूमिका रही।

## हायर सेकेण्डरी एवं हाई स्कूल पूरक परीक्षा के आवेदन 7 जून तक

**सतना।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल,भोपाल द्वारा वर्ष 2024 की हायर सेकेण्डरी एवं हाईस्कूल सर्टिफिकेट पूरक परीक्षा के आवेदन पत्र 1मई से भरने शुरु हो गये हैं। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी (पूरक परीक्षा) के आवेदन परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिवस पूर्व तक भरे जा सकेगें। पुर्नगणना के फलस्वरूप परीक्षा परिणाम परिवर्तन होने पर इस योजना का लाभ प्राप्त करने वाले छात्र परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिवस पूर्व अर्थात 7 जून तक परीक्षा आवेदन भर सकेंगे। पूरक परीक्षा के आवेदन पत्र ऑनलाईन भरने की विस्तृत प्रक्रिया माध्यमिक शिक्षा मण्डल की ऑफिशियल वेबसाईट पर उपलब्ध है।

## जल संकट को देखते हुए भवन निर्माण पर क्यों नहीं लग रही रोक

**मैहर।** जिला कलेक्टर रानी बाटड के फरमान से जहां जल संकट की त्रासदी को ध्यान में दृष्टिगत रखते हुए बोरिंग मशीनों पर तो प्रतिबंध लगा दिया गया है लेकिन नगर पालिका परिषद मैहर का तुकलगी फरमान है कि एक दिन में छोड़कर जल सप्लाई नल जल योजना के तहत किया जा रहा है। बीते कई वर्षो से नगर के 24 वार्डो में पानी की भीषण तबाही मची हुई है लेकिन पालिका प्रशासन पूर्व के पानी टेंकर के सप्लाई ठेकेदार को टेंडर देकर पुनः भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। कारण यह है कि शहर में निर्माणाधीन भवनों के निर्माण में जो पानी लग रहा है वह आम जन मानस को किए जा रहे सप्लाई टेंकर का पानी निर्माण करने वाले भवनों को लंबी रकम लेकर पानी की सप्लाई की जा रही है। परिषद के ही एक पार्षद के द्वारा यह कहा जा रहा है कि पालिका प्रशासन के सीएमओ लालजी ताम्रकार के द्वारा नवीन भवनों के निर्माण पर जल संकट के आधार पर तत्काल ही रोक लगा दी जाने चाहिए चाहे वह अपने निजी नलकूप से भी पानी लेकर यदि निर्माण कर रहे है तो उस पर भी रोक लगनी चाहिए तब रोक क्यों नही लग रही है। जिला कलेक्टर से स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि टमस नदी के सूख जाने के कारण शहर की जल आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई है तो जल को क्यों नहीं बचाया जा रहा है। जल उपभोक्ता महेन्द्र अग्रवाल वार्ड क्रमांक 6 ने सीएम हेल्प लाइन 181 में एवं सीएमओ नगर पालिका परिषद मैहर को शिकायत देकर कहा है कि जब एक दिन छोड़कर पानी की सप्लाई दी जा रही है तो पानी का बिल भी एक माह का न लेकर 15 दिनों का भी लिया जाना चाहिए।

### प्रतिबंध के बावजूद भी रात को किए जा रहे बोर, नहीं हो रही कार्रवाही

# रात के अंधेरे में रोजाना धड़ल्ले से बोरिंग मशीनों से किए जा रहे बोर, रेट भी बढ़ा दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढ़ीमरखेड़ा

तहसील क्षेत्र ढीमरखेड़ा में इन दिनों अवैध रूप से बोर बैल्स की मशीनें संचालित हो रही हैं। जिले में जल संकट से निपटने और भूजल स्तर को गिरने से रोकने के लिए कटनी कलेक्टर ने बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत अब जिले में अशासकीय और निजी नलकूप खनन पर रोक लगा दी गई है, यानी कि अब आप अपनी मर्जी से बोर नहीं करा सकेंगे।

कलेक्टर के आदेशों के मुताबिक जिले की सीमाओं में कोई भी बोरिंग मशीन सार्वजनिक मार्गों को छोड़कर प्रवेश नहीं कर सकेगी और ना ही कोई नलकूप खनन कर सकेगी। लिहाज़ा कटनी कलेक्टर के आदेशों के मुताबिक बोर करने पर रोक लगाई गई है। ये फैसला गिरते जल स्तर को देखते हुए लिया गया है। कलेक्टर के आदेश के मुताबिक अगर कोई बोरिंग मशीन बोर करते पाई गए तो उस पर एफआईआर दर्ज की जाएगी, साथ ही 2000 रुपये का जुर्माना और 2 साल की जेल तक सजा हो सकती है।



***गर्मियों के दिनों में नहीं होंगे बोर**

गिरते जल स्तर को बचाने के लिए कटनी कलेक्टर अवि प्रसाद ने राजस्व की अनुमति के बगैर नलकूप या बोर करने पर रोक लगा दी है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति निजी बोर नहीं करा सकता है। इसके लिए बोरिंग मशीनों को सार्वजनिक मार्गों को छोड़कर प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी।

**जल स्तर गिरने से बचाना**

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि नवीन निजी नलकूपों के खनन पर प्रतिबंध लगाया जाना आवश्यक है। पेयजल संकट की स्थिति का परीक्षण किये जाने पर यह परिलक्षित हुआ है कि यदि जिले में निजी नलकूप खनन पर प्रतिबंध नही लगाया तो ग्रीष्मकाल में जिले में गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न होने की संभावना है। ये फैसला मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 और संशोधन अधिनियम 2002 (अधिनियम) के तहत लिया गया है।

**धड़ल्ले से संचालित मशीनें**

बोर बेल्स की गाड़ियों में प्रशासन के जिम्मेदारों का हाथ रखा हुआ हैं तभी तो कार्यवाही करने में परहेज किया जा रहा है। अनेकों जगह में गाड़ी पकड़ी गईं तो कार्यवाही करने में परहेज किया गया। लिहाज़ा कार्यवाही करने में अनेकों प्रकार के बहाना बनाएं जा रहे हैं, जैसे ही ध्यान हटा तो लेन - देन करके गाड़ी को छोड़ दिया जाता हैं सोचा जा सकता हैं कि इनके ऊपर प्रशासन का ऐसा हाथ रखा हुआ हैं कि सीधे आम नागरिक कलेक्टर को जानकारी तलब करता हैं तब कार्यवाही होती हैं। स्थानी प्रशासनिक अधिकारियों का खुलेआम संरक्षण मिल रहा है सूचना देने के बावजूद भी कार्यवाही करने से अधिकारी कतरा रहे हैं क्योंकि बोरिंग मशीन वालों के ऊपर स्थानीय अधिकारी कर्मचारियों का सहयोग मिल रहा है जिले में प्रतिबंध लगाते ही अधिकारियों को कमाई का एक जरिया मिल गया है

## तहसीलदार के आदेश का पालन करवाने में विभाग नाकाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

शासकीय चारागाह मद की भूमि से कब्जा धारी का कब्जा हटाने में राजस्व निरीक्षक तथा हल्का पटवारी की भूमिका पर सवालियां निशान लग रहे है।

न्यायालय तहसीलदार बड़वारा के रा0 प्र0 क्र0-0013/ अ-68/2023-24 के आदेश दिनांक 01.04.2024 के पालन के सम्बंध में बड़वारा तहसीलदार के द्वारा अनावेदक नर्मदा प्रसाद पिता कन्धई कोल शाकिन जगतपुर उमरिया के द्वारा शासकीय चारागाह मद की भूमि खसरा नम्बर 216, रकवा 0.65 है0 इसी जमीन से होकर नहर भी निकली है जिस पर कुछ लोगों के द्वारा मिट्टी भर कर (भांटकर) मकान बना लिया गया है जल संसाधन विभाग के एसडीओ ने जगतपुर उमरिया एवं अन्य जगहों पर नहर से कब्जा हटाने के लिए आवेदन तहसील बड़वारा में दिया गया है नहर में कब्ज हो जाने से जल बहाव पूरी तरह बंद हो चुका है एवं तालाब भरने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है बरसात का महीना आने वाला है लेकिन अधिकारियों के कान में जू तक नहीं रेंग रही, इसी के अंश भाग रकवा 0.04है0 भूमि पर अनाधिकृत रूप से मकान एवम बाउंड्रीबाल का निर्माण करवा कर बेजा कब्जा किया गया है। जिसे भू राजस्व संहिता में दिए गए प्रावधानों के अनुसार 500/-रुपये, शब्दों में पांच सौ रुपये का अर्थ दंड आरोपित कर बेजा कब्जा की भूमि से बेदखल करने का आदेश पारित किया गया है। राजस्व निरीक्षक को अनावेदक नर्मदा प्रसाद को वाद भूमि से बेदखल करवाकर की गई कार्रवाई से तहसीलदार बड़वारा को अवगत करवाने को आदेशित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि जब बड़वारा तहसीलदार द्वारा राजस्व निरीक्षक बड़वारा को शाकिन जगतपुर उमरिया में अनावेदक नर्मदा प्रसाद कोल को वाद भूमि पर किये गए कब्जा को हटवाकर बेदखल करबाने के लिए आदेश पारित किया गया है तो फिर उन्हीं के अधीनस्थ राजस्व निरीक्षक एवम हल्का पटवारी के द्वारा अब तक अनावेदक नर्मदा प्रसाद के द्वारा किये गए अवैध कब्जे को हटवाने में किसी भी प्रकार की कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है इसके अनावेदक के ऊपर कार्यवाही करने में स्थानीय प्रशासन क्यों हिमाकत नही कर पा रहा है यह एक गम्भीर प्रश्न बनकर सन्देह को जन्म देता है।

**गाताखेड़ा में श्रीमद भागवत कथा का हो रहा आयोजन**

## जब जब धरा में अधर्म, अनाचार बढ़ता है तब तब अवतरित होते हैं श्री भगवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

गाताखेड़ा गांव में चल रही श्रीमदभागवत ज्ञानयज्ञ कथा के चतुर्थ दिवस भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य उत्सव मनाया गया। इस मौके पर कथा वाचक आचार्य पं ब्रजेश कृष्ण शास्त्री के सानिध्य में भगवान के जन्मोत्सव का कथा रस बरसा। बालकृष्ण की सुंदर झांकी देख श्रद्धालु विभोर हो गए। जन्मोत्सव के खास अवसर के लिए कथा पांडाल को गुब्वारों और फूलों से सजाया गया। नन्हें मुन्हें बच्चे भी कृष्ण रूप में श्रद्धालुओं को लुभा रहे थे। वसुदेव जब डलिया में बाल कृष्ण को डलिया में लेकर निकले तो उनकी एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ मच गई। श्रद्धालु कृष्णभक्ति में विभोर होकर नाच उठे।

आचार्य ब्रजेश शास्त्री ने धर्म सभा मे कहा जब जब धरा में धर्म की हानि होती अत्याचार अनाचार बढ़ जाता हैं तब तब निराकार ब्रह्म साकार रूप में धरती पर आते हैं और दुष्टों का नाश कर धर्म की पताका फहराते हैं। महाराज श्री ने कथा का गूढ़ रहस्य समझाते हुए कहा इस धरती में माता पिता ही हमारे भगवान हैं। बगैर इनकी पूजा किए आप कोई भी तीर्थ जाओ तो वहाँ मंदिर तो दिख जाएगा पर मंदिर में बैठे हुए वांके विहारी नही दिखेंगे। अगर मंदिर में बैठे विग्रह में ईश्वर के दर्शन चाहते हो तो घर मे बैठे माता पिता अथवा गुरू की सदैव शरण मे रहो। दिव्य कथा में संध्याकालीन आरती कर कथा को विश्राम दिया गया व प्रसाद का वितरण किया गया।



इस दौरान मुख्य श्रोता ओंकार प्रसाद मिश्रा, श्रीमती गायत्री देवी मिश्रा एवं गाता खेड़ा सहित आसपास के ग्रामों के सैकड़ों भक्त माताएं बहने युवा बुजुर्ग भक्त रस का पान कर रहे है।

## लक्ष्य निर्धारित कर कार्य में प्रगति लाने के निर्देश



निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल के द्वारा रविवार को माई नदी में चल रहे पुनर्जीवन कार्य के तहत विभिन्न घाट जैसे बैलेट घाट,अग्रवाल घाट का निरीक्षण कर युद्ध स्तर में विभिन्न मशीनों हेतु लक्ष्य निर्धारित कर कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिये। इसी क्रम में श्री शुक्ल द्वारा केसीएस शाला परिसर में निर्माणाधीन ई-लाइब्रेरी का निरीक्षण कर सम्बन्धित ठेकेदार और इंजीनियर को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य को पूरी गंभीरता व मौके पर मौजूद रहकर कराएं,वहीं निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान रखें। निरीक्षण के अगले क्रम में माधवनगर उपकार्यालय में चल रहे फायर स्टेशन निर्माण कार्य की धीमी प्रगति को देखते हुए निगमायुक्त ने संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने के लिए कार्यपालन यंत्री को आदेशित किया। कटाएघाट रोड स्थित दुगाड़ी नाला पर पुल निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए समयसीमां में कार्य पूर्ण करने के निर्देश निगमायुक्त द्वारा दिए गए।

## बड़वारा में पदस्थ संविदा विकासखंड कम्युनिटी मोबिलाइजर की सेवाएं समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की संचालक प्रियंका दास ने जिले के बड़वारा विकासखंड में पदस्थ संविदा विकासखंड कम्युनिटी मोबिलाइजर श्रीमती प्रेमलता माझी को शासकीय कार्य में लापरवाही को लेकर उनकी सेवाओं को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया है राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने सीएमएचओ कटनी डॉक्टर आरके अठ्या की अनुशंसा पर यह कार्रवाई की।

सीएमएचओ आरके अठ्या ने पत्र के माध्यम से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को अवगत कराया की श्रीमती प्रेमलता माझी संविदा विकासखंड कम्युनिटी मोबिलाइजर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा में सितंबर 2021 से कार्यरत हैं इनको आशा कार्यक्रम का राज्य स्तर व जिला स्तर पर समीक्षा बैठक, कार्यशाला, वीडियो कांफ्रेंस का प्रशिक्षण दिया गया है किंतु उनके कार्य में दक्षता कौशल जिम्मेदारी जवाबदेही परिलक्षित नहीं हुई जिले या राज्य द्वारा जो भी कार्य दिए जाते हैं उन कार्यों की प्रमुख परफॉर्मेंस शून्य होने से विकासखंड के कार्य एवं प्रगति प्रभावित होती हैं तथा विकासखंड को नोटिस जारी होते हैं बड़वारा बीएमओ डॉ अनिल झामनानी ने भी श्रीमती प्रेमलता मांझी को दिए गए नोटिस एवं जिला स्तर से दिए गए फीडबैक के आधार पर सेवाओं से पृथक किए जाने के अनुशंसा की है इसके पहले बड़वारा बीएमओ डॉ अनिल झामनानी ने श्रीमती प्रेमलता मांझी को अनेकों बार नोटिस दिया किंतु उनके कार्य में सुधार नहीं आया इन्हें किसी भी कार्यक्रम योजनाओं की समझ नहीं है इनके व्यवहार में नोटिस देने के बावजूद कोई भी सुधार नहीं हुआ कंप्यूटर संबंधी कार्य करने में भी बीसीएम प्रेमलता मांझी असमर्थ हैं इनके पास व्यावहारिक एवं सामान्य ज्ञान की बहुत कमी है बीसीएम के कार्य दायित्व जिम्मेदारी एवं जवाब देही की योग्यता नहीं है बीसीएम पर कार्य करने की योग्यता नहीं है। विकास खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल झामनानी द्वारा दिए गए समस्त नोटिस एवं जिला स्तर से दिए गए फीडबैक केआधार पर इन्हें तत्काल बीसीएम के पद से पृथक किया जाए। शिकायतों के आधार पर नेशनल हेल्थ मिशन ने पाया कि बीसीएम श्रीमती प्रेमलता मांझी संविदा विकासखंड कम्युनिटी मोबिलाइजर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा का कृत्य कदाचरण की श्रेणी में आता है इसलिए श्रीमती प्रेमलता मांझी संविदा विकासखंड कम्युनिटी मोबिलाइजर स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा की संविदा सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त की जाती है।

**साबुन से हाथों की सफाई कर बताया हाथ स्वच्छता का महत्व, बताए तरीके**

## छात्र छात्राओं ने मनाया विश्व हाथ स्वच्छता दिवस, स्वास्थ्य के प्रति किया गया बच्चों को जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढ़ीमरखेड़ा

शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में रविवार को विश्व हाथ स्वच्छता दिवस मनाया गया। सीएमसीएलडीपी के छात्र छात्राओं को हाथ स्वच्छता का महत्व बताया गया। बीएसडब्ल्यू प्रथम वर्ष की छात्रा आकृति मौर्य ने हाथों की सफाई के सभी सात चरण बताये। हाथ में साबुन लगाकर सफाई किया उपस्थित छात्रों को भी हाथों की सफाई कराई।

छात्रा ने बताया कि अपने हाथों को साफ, बहते पानी से गीला करें।नल बंद कर दें और साबुन ठीक से लगा लें।अपने हाथों पर साबुन लगाएं और अपने हाथों और कलाइयों को ढकने के लिए पर्याप्त साबुन लगाएं। अपने हाथों के पिछले हिस्से, उंगलियों के बीच और अपने नाखूनों के नीचे न चूकें।कम से कम 20 सेकंड तक रगड़ें। अब नल खोलें और हाथ धो लें। इन्हें साफ तौलिए से सुखाएं। सेक्टर प्रभारी अंकित झारिया ने बताया कि 2009 में शुरू किए गए इस अभियान का उद्देश्य विश्व स्तर पर हाथ की स्वच्छता के समर्थन में 'लोगों को एक साथ लाना' है। वर्ष 2024 का विषय है हाथ की स्वच्छता सहित संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण पर नवीन व प्रभावशाली प्रशिक्षण एवं शिक्षा के माध्यम से स्वास्थ्य और देखभाल कर्मियों के ज्ञान और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देना।₹ सेक्टरप्रभारी प्रकाशनाथ साहू ने बताया कि इस वैश्विक आयोजन का उद्देश्य बीमारियों और संक्रमणों के प्रसार को रोकने में हाथ की स्वच्छता के महत्व को बढ़ावा देना है। विश्व हाथ स्वच्छता दिवस लोगों को हाथ की स्वच्छता का पालन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करता है। परामर्शदाता शैलेश दुबे,सुमित सिंह ठाकुर, सुरेश दुबे, धर्मेन्द्र गर्ग, अमर सिंह जोगी ने बताया कि हाथ वॉशरूम इस्तेमाल करने के बाद धोना चाहिए। इसके अलावा जब आप खाना बनाने जा रहे हैं इससे पहले हाथ को पानी से धोकर भी बनाएं। यहीं नहीं जानवरों को छूने के बाद, खाना खाने से पहले, नाक साफ करने और छींकने, खांसने के बाद हाथ धोना चाहिए।घर की सफाई करने या कचरा छूने के बाद भी हाथ का धोना बेहद जरूरी होता है।खाद्य पदार्थों और पेय पदार्थों का सेवन करने से पहले,दवा लेना या किसी घाव का इलाज करने के बाद,शौचालय का उपयोग करने के बाद,डायपर बदलना या बच्चे को संभालना हो तो इसके बाद हाथों की सफाई जरूरी है। अगर आप बाहर से आ रहे हैं तो भी अपने हाथों को जरूर धोएं।



### जिले के सीएम राइज स्कूलों के 12 वीं के परीक्षा परिणाम में 62 फीसदी हुआ सुधार

## 50वें स्थान की जगह 9वें स्थान पर प्रदेश के टॉप टेन में शामिल हुआ जिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले के सभी सी एम राइज स्कूलों के हायर सेकेण्डरी बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में पिछले साल की तुलना में इस साल 62.44 प्रतिशत तक की अभूतपूर्व बढ़ोत्तरी हुई है। बोर्ड परीक्षाओं के पिछले साल के खराब परीक्षा परिणाम को देखते हुए इस साल कलेक्टर श्री अवि प्रसाद की कोशिशों ने नया कीर्तिमान रच दिया। 12वीं के परीक्षा परिणाम के मामले में बीते साल प्रदेश में 50 वें स्थान पर रहने वाला कटनी जिला इस साल ऊंची छलांग लगा कर पूरे प्रदेश में 9 वें स्थान पर पहुंच गया।कलेक्टर के मार्गदर्शन में इस साल जिले के बोर्ड परीक्षा परिणाम को बेहतर करने विशेष कार्ययोजना के तहत पाठ्यक्रम आधारित मिशन -45 आधार बुकलेट और फाइनल -30 के माध्यम से छात्रों को गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री उपलब्ध करा कर , इसी के अनुरूप छात्रों को परीक्षा की तैयारी कराई गई।



**सीएम राइज 12वीं का परिणाम**

जिले के सीएम राइज स्कूल करेला ने कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम के मामले में इस साल रिकॉर्ड 62.44फीसदी की वृद्धि के साथ ऊंची छलांग लगाई है । पिछले साल यहां का 12 वीं कक्षा का परिणाम मात्र 33.9 फीसदी रहा,जो इस साल बढ़ कर 96.36 प्रतिशत हो गया है।इसी प्रकार सी एम राइज स्कूल बडवारा के परिणाम में भी जादुई सुधार हुआ है । पिछले साल की तुलना में यहां के परीक्षा परिणाम में इस साल 44.40प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। पिछले साल बडवारा स्कूल का परीक्षा परिणाम 42.86फीसदी रहा,जो इस साल बढ़ कर 87.25 प्रतिशत हो गया है। आश्चर्यजनक रुप से सी एम राइज स्कूल रीठी का इस साल का परीक्षा परिणाम सौ- फीसदी रहा । यहां के सभी 71 छात्र उत्तीर्ण हो गये हैं। जबकि पिछले साल यहां का परीक्षा परिणाम 74.47प्रतिशत ही रहा था। सीएम राइज स्कूल कारीतलाई ने अपने बीते साल के परीक्षा परिणाम 55.45 प्रतिशत में इस साल जबरदस्त सुधार किया है। यहां का इस वर्ष का परीक्षा परिणाम 82.18प्रतिशत रहा। जिसमें बीते साल के परीक्षा परिणाम की तुलना में 26.73 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है। जबकि सीएम राइज स्कूल बहोरीबंद का इस साल का कक्षा 12वीं का परिणाम 97.92प्रतिशत रहा, जो पिछले साल 65.22प्रतिशत रहा। इस प्रकार बहोरीबंद स्कूल के परीक्षा परिणाम में 32.70 फीसदी का इज़ाफा हुआ है। सीएम राइज स्कूल कटनी के 12 वीं के इस वर्ष के परीक्षा परिणाम में करीब 15 फीसदी की वृद्धि हुई है। पिछले साल यहां का परिणाम 79.31 प्रतिशत रहा था, और इस वर्ष यहां का परिणाम सुधर कर 94.32 प्रतिशत आया है।

**10वीं के परीक्षा परिणाम में भी बड़ा सुधार:** सीएम राइज स्कूलों के दसवीं के परीक्षा परिणाम में भी 3 फीसदी से लेकर 26 प्रतिशत तक का जबरदस्त सुधार परिलक्षित हुआ है।

## ग्राम पंचायतों के स्वच्छता मिशन में शो पीस बने हैं शौचालय

**मैहर**

मैहर जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली 115पंचायतों में सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का निर्माण तालों में बंद हैं वहीं स्वच्छता अभियान संचालन का भार उठाने में सक्षम नहीं है। मैहर जिले की कोई पंचायत कहने को तो स्वच्छता को बढ़ावा दिए जाने के लिए स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बड़ी संख्या में सामुदायिक स्वच्छता परिसर का निर्माण कुछ ही गांव में हो पाया है। यहां तक तो ठीक है वहां पर कचरे के लिए बनाए गए कचरा दान भी महज शो पीस बनकर रह गए है। पुरुष एवं महिला प्रशाधन महज शो पीस बनकर गांवों की शोभा बढ़ा रहे हैं। शासन की योजना को पलीता लगाने में ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव व रोजगार सहायक इस दिशा पर कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। इसी तरह बताया जा रहा है कि कर्मचारियों के रख रखाव हेतु कार्यालयों में चपरासी नहीं है न ही गांव में सफाई कर्मी नियुक्त है। बजट का रोना बता कर सिर्फ जनता को गुमराह किया जा रहा है। स्वच्छता मिशन ने तो घर-घर शौचालय का निर्माण का कार्य कराए जाने के लिए दिशा निर्देश भी जारी किए गए थे परन्तु पंचायतों में कमीशन बाजी के तौर वह भी यह योजना भी खटाई में नजर आ रही है। कारण यह है कि जिन शौचालयों का निर्माण पंचायतों के द्वारा हितग्राही के खाते में 12 हजार की राशि दी गई वह भी महज कमीशन रूप में शौचालय का निर्माण गुणवत्ताविहीन हो गया है।

## खबर संक्षेप

### शासकीय आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार नवीन सत्र में शासकीय आईटीआई में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आईटीआई में संचालित एनसीवीटी व एससीवीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन माध्यम से स्वयं अथवा ऑनलाइन सहायता केन्द्रों के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश विवरणिका कौशल विकास संचालनालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। प्रवेश के लिए जारी समय सारणी अनुसार आगामी 20 मई तक प्रवेश पोर्टल पर पंजीयन होंगे। इसके उपरांत पोर्टल पर ही समय-समय पर रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार, संस्था व व्यवसाय की प्राथमिकता क्रम का चयन, प्राथमिकता के क्रम में त्रुटि सुधार, प्रथम चयन सूची प्रदर्शित करने व प्रवेश इत्यादि के संबंध में सूचना जारी की जाएगी। शासकीय आईटीआई पन्ना के प्राचार्य राजेश पटेल ने बताया कि पन्ना सहित जिले के शासकीय आईटीआई गुनौर, मोहन्द्रा एवं शाहनगर में भी संचालित व्यवसायों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे। विस्तृत जानकारी वेबसाइट डीएसडी डॉट एमपी डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है। इसके अलावा मोबाइल नंबर 9926917652, 9424906576 एवं 7999424308 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

### वरिष्ठ पत्रकार संतोष अवस्थी का निधन

**पन्ना।** विगत दिनों पन्ना जिले के वरिष्ठ पत्रकार श्री संतोष अवस्थी जी का स्वर्गवास हो गया था, जिसको लेकर पत्रकारों ने श्रदांजलि व शोकसभा रखी गई, जिसमे सभी पत्रकार साथियों ने मृत आत्मा की शांति के लिये मौन धारण व श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकसभा में ब्रजेन्द्र गर्ग, मनीष मिश्रा, शिवकुमार त्रिपाठी, शिवकिशोर पाण्डेय, राकेश शर्मा, नईम खान, सुशान्त चौरसिया, बाल किशन शर्मा, टाइगर खान, सौरभ साहू,लक्ष्मीकांत शर्मा,डॉ मदन शर्मा,अतुल रैकवार, लकी, सुभान्स शर्मा, एम के एन दुवेदी, राजेश शुक्ला, अमित सिंह, बलराम व्यास सहित सभी पत्रकार उपस्थित हुए। ईश्वर उनके परिवार को इस दुख की घडी में संबल प्रदान करने के लिए शक्ति दें ।

### समय सीमा में गुणवत्तायुक्त कार्य करने के दिये निर्देश

# कलेक्टर ने निर्माणाधीन जागेश्वर नाथ बस टर्मिनल का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

कलेक्ट्रर सुधीर कुमार कोचर ने आज प्रातः दमोह में जागेश्वरनाथ बस स्टेशन जो नया बन रहा है, उस बस टर्मिनल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा हमारा पूरा प्रयास रहेगा कि यह कार्य तय समय सीमा में पूरा हो और कार्य गुणवत्ता पूर्ण हो सुनिश्चित किया जाये। कलेक्टर ने यहां पर निर्माण स्थल पर बसों के आवागमन, पार्किंग और अन्य मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी लेकर कार्यकारी ऐजेंसी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। यहां से कलेक्टर श्री कोचर बरपटी में मेडिकल कॉलेज के भवन निर्माण का जायजा लेते हुये कहा कि जो काम चल रहे हैं, वह समय सीमा के अनुसार पूर्ण हो। उन्होंने कार्यकारी एजेंसी से कहा कार्य गुणवत्तापूर्ण और तय समय सीमा में हो सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि हर सप्ताह मेडिकल कॉलेज की साइट की विजिट करेंगे और पीआईयू के अधिकारी उनके साथ सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा लगातार इसकी हर 15 दिन में समीक्षा की जाएगी, ताकि निर्माण कार्य समय सीमा में और गुणवत्ता के साथ पूर्ण हो सके।

#### मेडीकल कॉलेज और सीएम राइज का निरीक्षण

इसी क्रम में कलेक्टर श्री कोचर ने दमोह में बन रहे सीएम राइज स्कूल निर्माणधीन कार्य का जायजा लिया। उन्होंने कार्य की जानकारी लेते हुये कार्यकारी ऐजेन्सी से कहा कि समय-सीमा में गुणवत्ता पूर्ण कार्य सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा चल रहे कार्य का चार्ट बनाया जाए और हर 15 दिन में उनके द्वारा समीक्षा की जाएगी। साथ ही कलेक्टर ने सभी संबंधित प्राचार्य को निर्देशित किया कि वह हर सात दिन में दो बार निर्माण कार्य स्थल का निरीक्षण करेंगे, यदि कोई भी चीज उसमें कमी होती है तो वह उनके संज्ञान में लायेंगे।

## हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में सी.एच.ओ. अपने निर्धारित समय प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक उपस्थित रहेंगे-कलेक्टर

दमोह। कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में आज कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में हिण्डोरिया और पथरिया क्षेत्र के स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुदृण के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गई। बैठक में तीन बिंदुओं पर विशेष रूप से चर्चा गई, जिसके संबंध में कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जितने भी हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर है, उनमें सीएचओ अपने निर्धारित समय प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक प्रतिदिन उपस्थित रहेंगे। मंगलवार और शुक्रवार को वे विलेज ड्यूटी पर संलग्न रहेंगे। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जो मरीज वहां पर आते हैं, उनका समयबद्ध उपचार और यदि इस लेवल पर उपचार संभव न हो तो ऐसी स्थिति में उनकी टेली मेडिसिन के माध्यम से उनको चिकित्सकीय परामर्श दिलवाना, दवाईयां दिलवाना और तीसरा बिंदु मातृ-शिशु मृत्यु दर पर काम करना, यह तीन बेसिक उद्देश्य कलेक्टर श्री कोचर ने संबंधित स्वास्थ अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा इस पर सघन मॉनिटरिंग सिस्टम लागू करने जा रहे है। सभी सीएचओ ने आश्वस्त किया है कि वे एक टीम के रूप में बेहतर काम करेंगे। कलेक्टर ने कहा मुझे लगता है कि हम जल्द ही जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को बहुत बेहतर बनाने की स्थिति में होंगे। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, पथरिया तथा दमोह क्षेत्र के सी.बी.एम.ओ. एवं सी.एच.ओ. उपस्थित रहे।

## श्री कृष्ण जन्म पर बिखरी आस्था की अद्भुत आभा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार

गढ़ाघाट ग्राम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिवस श्री कृष्ण जन्म होते ही। कथा पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु। कान्हा के जन्मोत्सव पर भक्त भक्ति में सरोबार होकर झूमे। हर कोई कृष्ण कन्हाई का स्वागत करने के लिए आतुर दिखाई दिया। जैसे ही कन्हैया का जन्म हुआ, पूरा परिसर जयकारों से गुंजायमान हो गया।भजनों के बीच जय कन्हैया लाल के जयकारों से पूरा परिसर गुंजायमान होता रहा। कथा वाचक पंडित उमाशंकर शास्त्री के मुखारविंद से श्रोताओं को हिरण कश्यप और प्रहलाद की कथा नरसिंह भगवान बामन भगवान अवतार श्री राम जन्म कथा का श्रवण कराया गया। श्री कृष्ण जन्म उत्सव की कथा का महत्व बताया गया भगवान श्री कृष्ण के वेश धारण किए नन्हे बालक के दर्शन करने के लिए लोग लालायित नजर आए भगवान के जन्म की खुशियों पर



महिलाओं द्वारा अपने घरों से ले गए गुड के लड्डू से भगवान को भोग लगाया। इस दौरान कथा व्यास ने कहा जब-जब धरती पर त्राहि त्राहि मच गई चारों ओर अत्याचार अनाचार का साम्राज्य फैल गया। तब भगवान श्री कृष्ण ने देवकी के आठवीं गर्भ के रूप में जन्म लेकर कंस का संहार किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं का वर्णन किया इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थित रही।

# राहगीरों और परिंदों की प्यास बुझाने सराहनीय पहल

### युवाओं ने राहगीरों के लिए शीतल जल उपलब्ध करवाने रखे ठंडे मटके पक्षियों को दाना-पानी देने बांधे सकोरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार

पोंडी माला लिंक रोड पर जहां सुनसान जंगलों में 15 किलोमीटर की दूरी पर कोई जलस्त्रोत नही और 12 घंटे रास्ता चलता रहता है जहां गर्मी के इस दौर में राहगीरों को पीने के पानी और पक्षियों को दाना पानी की व्यवस्था करने की युवाओं ने सराहनीय पहल की गई है। जिसके चलते माला पौड़ी रोड पर प्रसिद्ध बम्होरी खेर माता मंदिर शीतल जल के लिए मटके रखे गए और बेजुबान प्यासी पक्षियों के लिए मिट्टी के सकोरे बांधे गए है। मुकेश यादव अमित ठाकुर बीरू राय कडोरी राय देवेंद्र राय कमलेश ने बताया गर्मी का मौसम आते ही तपन बढ़ जाती है और अधिकांश





नदी नाले सूख जाते हैं। अब ऐसे में बेजुबान पक्षी भी पानी की तलाश में भटकते रहते हैं। वहीं राहगीरों को 15 किलोमीटर की दूरी पर कोई पानी पीने का स्त्रोत नहीं है। ऐसे में जहां बम्होरी खेर माता मंदिर प्रांगण मिट्टी के मटकों में शीतल जल की व्यवस्था की गई। वही पक्षियों के लिए मिट्टी के सकोरे वृक्षों पर बांधे गए हैं और लोगों से भी अपील की गई है कि अपने अपने घरों, प्रतिष्ठानों एवं वृक्षों पर मिट्टी के सकोरे बांधकर पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करें। आपके द्वारा मिट्टी के पात्र में प्रतिदिन पानी भरने , से बेजुबान पक्षियों की प्यास भी बुझेगी और उन्हें पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। बता दें दिन ब दिन बढ़ती गर्मी - उमस से लोग बेहाल, वहीं दाना पानी के लिए भटकते बेजुबान पक्षियों के लिए युवाओं की यह पहल मददगार साबित हो रही।

# घर में खुले में संचालित मीट दुकान पर नपा व पुलिस ने की छापामार कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा



जहां प्रदेश सरकार द्वारा अवैध और लाइसेंसी शर्तो का उल्लघंन करनें वाले मीट दुकानों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे वही जिला प्रशासन द्वारा मीट विक्रेताओं को खुले में मीट बिक्री पर पाबंदी लगाते हुए दिशा निर्देश जारी किए गये थे लेकिन उसके बाद भी नगर में अवैध रूप से लोगो द्वारा दुकान खोली जा रही थी जिनके खिलाफ रविवार को नगरपालिका अधिकारी सहित पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा नगर के जवाहर वार्ड में संचालित हो रही गुलाब खटीक के घर पर खुलेआम बेचें जा रहे अवैध मांस पर छापामार कार्यवाही कर नगरपालिका के वाहन से बेचे जा रहे मांस तराजू एवं जिंदा दो मुर्गे सहित नगदी 17 सौ रू.जप्त कर पुलिस थाना लाया गया जहां दुकानदार के खिलाफ कार्यवाही की गई। वहीं सीएमओ नगरपालिका राजेन्द्र खरे द्वारा बताया गया कि जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार मांस की खुले आम बिक्री पर सख्त कार्यवाही का आदेश है उसी के परिपालन में यह कार्यवाही की गई जबकि दुकानदार के लिए पहले ही नगरपालिका द्वारा दुकान आवंटित की गई थी लेकिन बगैर लाइसेंस के घर से बिक्री करनें की दुकानदार के खिलाफ बार-बार आ रही शिकायतों पर कार्रवाई की गई।

# विषय विशेषज्ञों द्वारा जिले के शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**दमोह।** उत्कृष्ट विद्यालय में जिले के हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी के समस्त विषय शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। आज 6 मई से शुरू होने वाली कक्षाओं में किस तरह कमजोर विद्यार्थियों को अध्यापन कार्य करना है, साल भर सामान्यतः शिक्षक होशियार विद्यार्थियों के ज्यादा संपर्क में रहते हैं, ये वह विद्यार्थी हैं जो शिक्षकों से ज्यादा बात नहीं करते। अब वह समय है जब 6 मई से 18 मई तक सभी शिक्षक इन कमजोर विद्यार्थियों के बीच रहकर उनकी कमजोरी को जानेंगे तथा उन्हीं के स्तर के अनुरूप उन्हें सहज और सरल भाषा में विषय वस्तु को नवाचार के साथ समझाने का प्रयास करेंगे, ताकि उन्हें शिक्षा की मूल धारा से जोड़ा जा सके। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने प्रशिक्षण के प्रत्येक कक्ष का निरीक्षण कर उपस्थित प्रत्येक शिक्षक से मुलाकात की। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं देते हुए अपेक्षा की कि फैल हुये सभी विद्यार्थियों को आने वाले समय में इस तरह विषय वस्तु को सरल भाषा में समझाने का प्रयास करें कि सभी विद्यार्थी अगली कक्षा में पहुंच सके। 6 मई से आयोजित होने वाली कक्षाओं के निरीक्षण के लिए विभिन्न स्तर पर टीमें गठित की गई है ताकि फॉर्म भरने वाला कोई भी विद्यार्थी इन कक्षाओं में अनुपस्थित न रहे तथा शिक्षक नियमित विद्यालय पहुंचकर उन्हें अध्यापन कार्य कराएं। जिला शिक्षा अधिकारी एस.के. नेमा ने सभी प्राचार्य से कहा है कि निरीक्षण के दौरान कोई भी विद्यार्थी बगैर मॉड्यूल के नहीं मिलना चाहिए।

# नगर में जितने भी आवारा पशु है, इन पशुओं को हम गौशालाओं में शिफ्ट करेंगे-कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया गत दिवस यह निर्णय लिया गया था की नगर में जितने भी आवारा पशु है, इन पशुओं को हम गौशालाओं में शिफ्ट करेंगे। दमोह के आस-पास काफी मात्रा में गौशालाएं है, इसके लिए गौशाला संचालकों, पशुपालन विभाग के अधिकारियों और नगरीय निकाय के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई थी। उन्होंने बताया आज से अभियान प्रारंभ हो गया है आज पहले दिन 06 पशुओं गौशालाओं में भेजा गया है, इन पशुओं के विधिवत ट्रैकिंग की जाएगी। पशुपालन विभाग के चिकित्सक आवश्यक चिकित्सकिय सारी कार्यवाही करेंगे, ताकि इन पशुओं की पहचान सुनिश्चित की जा सके। कलेक्टर श्री कोचर ने गौशाला संचालकों से आग्रह करते हुए कहा कि इन पशुओं की वैसे ही देखभाल करेंगे जैसे कि उनके पूर्व से चले आ रहे पशुओं की देखभाल कर रहे हैं। किसी भी स्थिति में वे इन पशुओं को वापस शहर की तरफ नहीं भेजेंगे, क्योंकि यदि यह वापस गौशालाओं से आने लगे तो हमारा पूरा उद्देश्य निष्फल हो जाएगा। इसी के लिए ट्रैकिंग भी कराई जा रही है ताकि इन पशुओं की पहचान सुनिश्चित की जा सकें। उन्होंने बताया इस अभियान को दमोह नगर पालिका क्षेत्र से शुरू किया है और धीरे-धीरे इसको पूरे जिले में लेकर जाएंगे। उन्होंने नगर वासियों से कहा है यदि आपको कहीं पर लगता है कि बहुत ज्यादा आवारा पशु है, तो हमें रिपोर्ट करिए। आप सोशल मीडिया हैंडल पर हमें बता सकते हैं, तो वहां से हम उन पशुओं को इकट्ठा करके गौशाला में भेजने का काम निरंतर करेंगे। उन्होंने बताया आज बालाकोट गौशाला में 06 पशु भेजे गये है, जिनका वहां पर पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों द्वारा स्वास्थ्य परिक्षण, टेगिंग और आवश्यक कार्यवाही पूर्ण की गई है। यह काम लगातार जारी रहेगा।

# मप्र स्थाई कर्मी कल्याण संघ की बैठक संपन्न

**दमोह।** रविवार को जनजाति कार्य विभाग के समस्त छात्रावासो के अंशकालीन कर्मचारी, चौकीदार, रसोइया, पानी वाला, सफाई कर्मी, समस्त कर्मचारियों की मीटिंग की गई जिसमें जिलाध्यक्ष बब्लू सिंह ठाकुर एवं उपाध्यक्ष संतोष खरे, मुकेश तिवारी कोषाध्यक्ष रानू यादव सहित समस्त स्थाई कर्मी कल्याण संघ के सभी सदस्यगण उपस्थित रहें। जिसमें समिति द्वारा वृन्दावन मेहरा को अध्यक्ष मनोनीत किया गया एवं उपाध्यक्ष अनंदी अहिरवार एवं मीडिया प्रभारी मोती बाई को पदस्थ कि गया है। अंशकालीन कर्मचारियों की समस्याओ का समाधान करने के लिये बब्लू ठाकुर जिलाध्यक्ष द्वारा आश्वासन दिया गया। अंत में कुछ मांगे बताई जैसे समय पर वेतन नहीं दिया जाता है, साल में एक या दो ही बार वेतन दिया जाता है, छतरपुर एवं सागर में अंशकालीन कर्मचारियों को वेतन प्रतिमाह 9400 रूपये दिया जाता है जबकि दमोह जिले में आज तक 5000 रूपये वेतन प्रतिमाह प्राप्त हो रहा है।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर संपन्न

**पन्ना ।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं प्राधिकरण की अध्यक्ष भावना साधौ ने जिला न्यायालय के एडीआर भवन में फीता काट कर स्वैच्छिक रक्तदान अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश प्रकाश चन्द्र आर्य, जिला न्यायाधीश अयाज मोहम्मद एवं इन्द्रजीत रघुवंशी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनील अहिरवार, न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवराज सिंह गवली, मोहित बड़के, निधि शाक्यवार, इकरा मिनिहाज, प्रीतम शाह सहित प्रशिक्षु न्यायाधीश श्वेता आर्य एवं तनिष्का वैष्णव, जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते एवं न्यायालय व प्राधिकरण के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# मन मोह रही गुलमोहर की सुंदरता



**हटा।** अन्य मौसम की तरह गर्मी का मौसम भी प्रकृति की ही देन है। लेकिन इस मौसम में इंसान अपने आप को सुखी कम दुखी ज्यादा महसूस करता है। शायद ईश्वर को भी मनुष्य के इन विचारों का आभास है इसलिए उसने गर्मी के मौसम में आंखों को सुकून और शरीर को शीतलता का एहसास दिलाने वाले लाल लड़ीदार गुलमोहर के फूल केवल गर्मियों के ही दिनों में देखने मिलते हैं। गुलमोहर का फूल चटख लाल और सिंदुरी रंगों में भी देखने मिलता है इन लाल सिंदूरी फूलों को हटा के वनांचल व ग्रामीण क्षेत्र में भी देखा जा सकता है। सड़क किनारे लगे गुलमोहर के पेड़ पर बरबस ही लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लेते हैं, इन दिनों गर्मी में गुलमोहर के वृक्षों में चटख लाल सिंदूरी फूलों की सुंदरता देखते ही बनती है।

# बाल विवाह रोकने के उद्देश्य से जिला, तहसील, विकासखण्ड एवं ग्राम स्तर पर दलों का गठन

### आंगनवाड़ी स्तर पर 18 वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं एवं 21 वर्ष से कम उम्र के बालकों की जानकारी एकत्रित कर सूची तैयार की जाये-कलेक्टर

**दमोह।** अक्षय तृतीय 10 मई 2024 के विवाह मुर्हूत अवसर पर बाल विवाह रोकने के उद्देश्य से कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने दमोह जिले में संपन्न होने वाले संभावित बाल विवाह को रोकने हेतु बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत जिला, तहसील/विकासखण्ड एवं ग्राम स्तर पर दलों का गठन किया है। जिला स्तरीय दल के अध्यक्ष कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर होंगे तथा पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्पित वर्मा, जिला चिकित्सा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी सदस्य एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी (महिला बाल विकास) सदस्य सचिव होंगे।विकासखण्ड स्तरीय दल के लिये अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (राजस्व विभाग) अध्यक्ष होंगे तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस विभाग), मुख्य कार्यपालन अधिकारी (जनपद पंचायत), खंड चिकित्सा अधिकारी सदस्य तथा परियोजना अधिकारी (महिला बाल विकास) सदस्य सचिव होंगे। ग्राम स्तरीय दल में पंचायत स्तर पर सरपंच अध्यक्ष होंगे तथा पंच, पंचायत सचिव, ए.एन.एम., आशा कार्यकर्ता, शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका, स्व. सहायता समूह की सदस्य, मातृ सहयोगिनी समिति एवं शौर्यदल के सदस्य गठित दल के सदस्य होंगे। कलेक्टर श्री कोचर ने समस्त संबंधित अधिकारियों से कहा है आंगनवाड़ी स्तर पर 18 वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं एवं 21 वर्ष से कम उम्र के बालकों की जानकारी एकत्रित कर सूची तैयार की जाये। आंगनवाड़ी केंद्र पर बाल विवाह की सूचना प्राप्त करने सूचना तंत्र का गठन किया जाये जिसमें शिक्षक ए.एन.एम, आशा कार्यकर्ता, स्वसहायता समूह की सदस्य, शौर्यादल के सदस्य, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका मातृ सहयोगिनी समिति, सरपंच, पंच, ग्राम पंचायत सचिव आदि को शामिल किया जा सकता है।उन्होंने कहा जिला एवं खण्ड स्तर पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 पर कार्यशाला का आयोजन किया जाये। विवाह में सेवा देने वाले सेवा प्रदाताओं जैसे-प्रिन्टिंग प्रेस, हलवाई, कैटर्स, धर्मगुरु, बैंडवाला, ट्रांसपोर्ट, समाज के मुखिया, जनप्रतिनिधियों एवं अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधियों को कार्यशाला के माध्यम से संवेदीकरण कर बाल विवाह में अपनी सेवायें न देने की अपील की जाये। अन्तर्विभागीय समन्वय से बाल विवाह की सूचना एवं रोकथाम हेतु जिला एवं ब्लॉक स्तर पर एक कन्ट्रोल रूम बनाया जाये। कन्ट्रोल रूम में उपयोग में लाए जा रहे दूरभाष नं. का प्रचार-प्रसार किया जाये। पुलिस थाना, चाइल्ड लाईन-1098, महिला हेल्पलाइन 181, कलेक्टर / अनुविभागीय कार्यालय, जिला/परियोजना कार्यालय (आईसीडीएस) एवं विभिन्न विभागों के स्थानीय अधिकारियों के दूरभाष नम्बर का भी प्रचार-प्रसार किया जाये।

## खबर संक्षेप

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा 10 मई को

**दमोह।** सर्व ब्राह्मण समाज की सिविल वार्ड नं. 4 में स्थित शिव पार्वती मंदिर में आयोजित बैठक में आगामी 10 मई अक्षय तृतीया को भगवान परशुराम जन्मोत्सव की तैयारी की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया जिसमें 10 मई को प्रातः 8:00 बजे परशुराम टेकरी पर पूजन, अर्चन, हवन एवं प्रसाद वितरण, प्रातः 10:00 बजे से शिव पार्वती मंदिर में सुंदरकांड तथा 5:00 बजे से इसी स्थान से भव्य शोभा यात्रा का आयोजन होगा जो शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई यहीं पर समापन होगा तथा शाम 7:30 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन होगा। बैठक में भव्य शोभा यात्रा में शामिल होने के लिए अधिक से अधिक कर्मकांड विप्रों से भगवा परिधान में तथा शेष विप्रों से सफेद कुर्ता, पायजामा या धोती में आने का आग्रह किया गया।

### आज सुबह निकाली जाएंगी कलश यात्रा

**तेंदूखेड़ा।** नगर के पंचवटी सिद्ध धाम पीडब्ल्यूडी ग्राउंड में आज से 12 मई तक श्रीमद भागवत महापुराण कथा एवं वैशाख माह शिव शक्ति महायज्ञ का आयोजन किया जाएंगा। कलष यात्रा आज सुबह 8 बजे से संपूर्ण नगर में निकाली जाएंगी। इसके अलावा शाम 4 बजे से 7 बजे तक भागवत कथा बाल व्यास कार्तिकेय बड़गैया महराज के मुखारविंद से सुनाई जाएंगी। जिसका सीधा प्रसारण आस्था भजन चैनल के माध्यम से सारे देष एवं विदेष में किया जाएंगा। भागवत कथा के मानस मराल पंडित कैलाष बड़गैया महराज देवरी एवं मुख्य यजमान राजराम/रामरानी चैकसे, संयोजक कृपाराम/आषाबाई चैकसे, व्यवस्थापक गोपाल/गायत्री चैकसे, देवेंद्र/प्रभा चैकसे ने संपूर्ण क्षेत्रवासियों से कलष यात्रा एवं भागवत कथा में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की हैं।

### करंट लगने से युवक की मौत

**तेंदूखेड़ा।** रविवार को तारादेही थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बमनौदा के ग्राम माझा में एक 60 वर्षीय वृद्ध आदमी को घर लाइट का सुधार कार्य करते समय करंट लगने से उसकी मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार ग्राम माझा में रामसींग पिता तेजी सींग गौड़ उम्र 60 वर्ष निवासी माझा थाना तारादेही दोपहर में अपने घर की लाइट खराब हो जाने से सुधार कार्य करते समय वृद्ध आदमी की मौत हो जहां परिजनों उसे तेन्दूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों द्वारा मृतक घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया गया। उसके बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### नगर पालिका पेंशनर संघ की कार्यकारिणी घोषित

**दमोह।** नगर पालिका पेंशनर संघ दमोह के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद सेन ने बताया कि संघ की बैठक 1 मई को आयोजित की गई थी जिसमें सर्व सम्मति से पुनः अध्यक्ष एवं जगदीश यादव को सचिव चुना गया था। बैठक में निर्णय में अध्यक्ष के लिए कार्यकारिणी बनाने हेतु एक सप्ताह का समय अधिकृत किया गया था, जिस पर अध्यक्ष द्वारा आज रविवार को कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें संरक्षक में रामेन्द्र पाठक, प्रताप रोहित, विजय सिंह, श्रीमती मोनी बाई, कार्यकारी अध्यक्ष पन्ना लाल अठ्या, उपाध्यक्ष मुन्नी लाल विश्वकर्मा कमलेश दुबे, लल्लू लाल चौरसिया, कोषाध्यक्ष सैयद इमदाद हुसैन, प्रचार सचिव राजेश करोसिया शामिल हैं वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में विश्वनाथ, प्रेमसिंह ठाकुर, रघुनाथ, संजय प्रजापति, मातादीन खरारे, महेश करोसिया, श्रीमती भागवती बाई, श्रीमती रामबाई, आशा रानी को शामिल किया गया हैं।

खुले जंगल के मैदान में शावकों को प्रशिक्षित कर रही बाघिन

# टाइगर रिजर्व में पहली बार बाघिन के साथ नदी में अठखेलियां करते नजर आए चार शावक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में गर्मी बढ़ने के साथ ही पर्यटकों की संख्या में जहां इजाफा हुआ है, वहीं पानी की कमी के चलते वन्यजीवों का नदी, सरोवरों की तरफ पलायन बढ़ा है। ऐसे में अब बाघों को शिकार की तलाश में नदी किनारे डेरा डाले हुए भी देखा जा सकता है। बाघों की अठखेलियां की ऐसी ही कुछ तस्वीर सैलानियों ने अपने कैमरे में कैद की है। दरअसल भेड़ियों के प्राकृतिक आवास के लिए पहचाने जाने वाले दमोह, सागर और नरसिंहपुर जिले में फैले नौरादेही अभ्यारण्य में अब बाघों की दहाड़ चारों ओर सुनाई दे रही है। यहां पर बीते 6 सालों में बाघों का कुनबा 19 से बढ़कर 21 पहुंच गया है। जहां बाघों का कुनबा नदी किनारे दिखाई दे रहा है। टाइगर रिजर्व में गर्मी बढ़ने के साथ वन्यजीवों को नदी, सरोवर के किनारे पसंद आने लगे हैं तथा सुबह-शाम यह पानी पीने के अलावा, यहां पर मस्ती के मूड में अठखेलियां करते हुए भी नजर आ रहे हैं। यहां पहुंचने वाले पर्यटकों को भी इंतजार रहता है कि कब वह वन्यजीवों की अनदेखी लाजवाब हरकतों को अपने कैमरे में कैद करें। टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या 21 हो जाने के साथ ही सर्वाधिक आकर्षण का केंद्र बाघों की वह जोड़ी बनी हुई है जो साथ में घूमती फिरती मस्ती मूड में अक्सर नजर आती है। यहां पहुंचे पर्यटकों के बीच



भीषण गर्मी में नदी किनारे अठखेलियां करते हुए शावकों के साथ बाघों का दीदार करना पहली पसंद बना हुआ है। इसके लिए पर्यटक काफी दूर से घंटों तक कैमरे, दूरबीन की मदद से नजरें गड़ाए रहते हैं कि कब बाघ पहुंचे और वह उनको अपने कैमरे में कैद करें।

### चार शावकों के साथ बाघिन एन 113

टाइगर रिजर्व से एक बार फिर अच्छी तस्वीर निकलकर सामने आई है जहां गर्मी से बचने के लिए नदी किनारे चार शावक बाघिन मां के साथ अठखेलियां करते हुए चार शावकों का पर्यटकों द्वारा अपने कैमरे में कैद किया गया एक वीडियो सामने आने के बाद बाघों की संख्या बढने की पुष्टि हुई है। वीडियो 2 से 3 दिन पुराना बताया जा रहा है शावकों के जन्म के करीब पांच माह बाद पहली बार बाघिन एन-112 को चारों शावकों के साथ बमनेर नदी पर देखा गया है। बाघिन एन-112 ने 28 नवंबर-2023 को शावकों को जन्म दिया था, लेकिन विभाग सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बाघिन व शावकों की लोकेशन सहित उनकी किसी भी प्रकार की जानकारी साझा करने से बच रहा था। इसके चक्कर में अधिकारी बाघों की संख्या भी कम बता रहे थे, लेकिन पर्यटकों द्वारा बनाए इस वीडियो ने शावकों के सुरक्षित होने के साथ बाघों की संख्या बढ़ने की भी पुष्टि कर दी है। वीरांगना टाइगर रिजर्व के अधिकारियों ने इस वीडियो को लेकर पुष्टि भी की है। उनका कहना है कि वीडियो टाइगर रिजर्व में बहने वाली बमनेर नदी का है। जिसमें बाघिन एन-112 अपने चार शावकों के साथ नजर आ रही है। शावक पानी के अंदर अठखेलियां करते नजर आ रहे हैं। बाघिन एन 112 इन शावकों को शिकार और जंगल में रहने के लिए प्रशिक्षित कर रही है

### 6 वर्षों में बदली तस्वीर

वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर (नौरादेही अभ्यारण्य) के विस्तार की कल्पना के दौरान बाघिन राधा को 2018 में राष्ट्रीय बाघ परियोजना के अंतर्गत कान्हा किसली उद्यान व बाघ किष्शन को बांधवगढ़ से लाकर अभ्यारण्य में छोड़ा गया था। इसके बाद राधा किशन द्वारा बाघिन राधा ने 10 नवंबर 2019 में 3 शावकों को जन्म इसके बाघिन राधा ने दूसरी बार 7 मई 2021 में 2 शावको को जन्म दिया 28 अप्रैल 2022 को बाघिन एन112 ने 4 शावकों जन्म दिया -3 मई 2023 को बाघिन एन-111 ने4 शावकों को जन्म दिया -31 मार्च 2023 को दूसरे टाइगर रिजर्व से बाघ एन-3 आकर टाइगर रिजर्व में रम गया 28 नवंबर 2023 को बाघिन एन 112 ने दूसरी बार 4 शावकों जन्म दिया वहीं 5 जून को टाइगर रिजर्व का शान कहें जाने वाला जिसने टाइगर रिजर्व को बाघों से आबाद किया एन-3 से संघर्ष में बाघ किशन की मौत हो गई 28 मार्च 2024 को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से एक बाघ और बाघिन का जोड़ा लाकर टाइगर रिजर्व में छोड़ा गया है जहां अब बाघों की संख्या 21 हो गई है पिछले 6 सालों में नौरादेही अभ्यारण में बाघों की संख्या 19 हो गई थी और अब बाघ बाघिन का जोड़ा आने के बाद टाइगर रिजर्व में यह संख्या 21 हो गई है। वर्तमान में नौरादेही अभ्यारण्य का जंगली क्षेत्र भेड़ियों का प्राकृतिक आवास है लेकिन इसे एक टाइगर रिजर्व के तौर पर विकसित किया जा रहा है।

### बाघिन एन-4 का बाघ एन-5 से हुआ मिलन

वहीं बांधवगढ़ से वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व लाई गई बाघिन एन-4 (कजरी) को दमोह जिले की तेजगढ़ रेंज से रेस्क्यू कर उसे वापिस टाइगर रिजर्व की डोंगरगांव रेंज के हाडिकाट के जंगलों में छोड़ दिया गया था, कजरी को छोड़ने के बाद एक-दो दिन उसने विचरण किया। उसके बाद वह महका बीट के पास बाघ एन-5 से मिल गई चूंकि बांधवगढ़ से लाकर रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व छोड़े गए बाघ-बाघिन को टाइगर रिजर्व प्रबंधन का यही उद्देश्य था कि दोनों बाघ-बाघिन आपस में मिलें, जिससे बाघों की आबादी बढ़े। वहीं टेरेटरी को लेकर हुई लड़ाई में एन-2 बाघ को मारने वाला बाघ एन-3 लंबे समय बाद नौरादेही रेंज की नौरादेही बीट और जोगीपुरा बीट के बीच एक नाले में आराम करते देखा गया है। वही बाघिन एन-4 बाघ एन 5 से बाघों की कुनबा बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है यह जोड़ी टाइगर रिजर्व को राधा किशन की तरह टाईगर रिजर्व को पहचान दिलाएंगे और अपना कुनबा बनाएंगे। बाघिन राधा ने भी शावकों को जन्म दिया लेकिन अधिकारियों द्वारा पुष्टि नहीं की जा रही। वहीं बाघों की उपस्थिति सहित भेड़ियो के प्राकृतिक आवास और पक्षियों के अनुकूल होने के चलते विश्व पटल पर अपनी पहचान बना चुके टाइगर रिजर्व नौरादेही अभ्यारण से एक और सकारात्मक और अच्छी खबर आई है। यहां बाघों के नए शावकों की पुष्टी वन अमले ने की है और इसके साथ ही अब बाघों की संख्या 25 हो गई है। बताया जा रहा है कि चारों शावकों को एक ही बाघिन राधा एन-2 ने जन्म दिया है जो यहां सबसे पहले लाइ गई बाघिन राधा के द्वारा जन्मे हालांकि नौरादेही अभ्यारण्य प्रबंधन सुरक्षा की दृष्टि से इनकी लोकेशन सहित फोटो आदि जारी करने से बच रहे है ।

# खुला पड़ा कुआ, दे रहा दुर्घटनाओं को आमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैसाबाद

ग्राम के बस स्टैंड दमोह पन्ना मेंन रोड के किनारे बना बरसों पुराना कुआं एकदम खुला पड़ा हुआ है जो दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहा है। लोगों के बताए मुताबिक यह कुआं रोड के किनारे है जहां से लोगों का आना-जाना बना रहता है। मवेशीयो की आवक जावक भी यहां पर बनी रहती है कुआं खुला होने के कारण कभी भी कोई अप्रिये घटना घटित होने का अंदेशा बना हुआ है। कुआं का पनघटा भी नहीं बना हुआ है ना ही कुऐ के ऊपर जाली डाली गई है, जिसके चलते कभी भी कोई घटना घटित हो सकती है। ज्ञात हो की इस विषय पर ग्रामीण जनों ने विगत दिनों क्षेत्र के दौरे पर आई विधायक श्रीमती उमा देवी खटीक से भी शिकायत की थी इसके बाद विधायक जी ने कुए को जाली से ढकने की एवं ग्राम की सफाई व्यवस्था दूरस्थ किए जाने की बात कही थी। लेकिन उसके बावजूद भी ग्राम की साफ सफाई व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ। ग्रामीण जनों ने खुले पड़े कुऐ का पनघटा बनाए जाने एवं साफ सफाई किए जाने की मांग की है।

घर के पास खेल रहे 8 साल के बच्चे के साथ दुखद घटना

# बच्चे के पेट में बैल ने सींग मारा, आंते बाहर आई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

शनिवार की शाम तारादेही थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बोरियां के सनाई ग्राम में उस समय हड़कंप मच गया। जब एक 8 साले को बच्चे को खेलते समय एक बैल गाय ने बच्चे पर हमला कर दिया जहां बच्चे के पेट के नीचे बैल का सींग लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां परिजन उसे गंभीर हालत में तेन्दूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां से उसे डाक्टरों द्वारा उपचार कर उसे गंभीर हालत में जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। स्वास्थ्य केंद्र व ग्राम से मिलीं जानकारी अनुसार सनाई ग्राम में शनिवार की शाम 5 बजे के आसपास अपने घर के पास खेल रहे जायश पिता रावेन्द्र गौड़ उम्र 8 वर्ष को एक बैल ने सीग मार दी जिससे जायश गौड़ उम्र 8 वर्ष घायल हो गया। जहां बच्चे के पेट के नीचे बैल का सींग लगने से उसके पेट की आंतें बाहर आ गई। जहां उसे जबलपुर रेफर किया गया बताया गया है बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है। जहां उसके पेट का डाक्टरों द्वारा आपरेशन कर बाहर निकली आंतों को अंदर किया गया है और उसका इलाज मेडिकल कॉलेज जबलपुर में चल रहा है।

# नुकसान से भी हम सीखें यही सकारात्मक सोचः मुनिश्री प्रमाण सागर

**दमोह।** बांसा में धर्म सभा का आयोजन हुआ जिसमें चित्र अनावरण दीप प्रज्वलन,शास्त्र अर्पण, किया गया। कमेटी ने सिद्ध चक्र विधान हेतु श्रीफल अर्पण करके मुनि संघ से निवेदन किया। दमोह कलेक्टर श्री सुधीर कोचर ने मुनि संघ के दर्शन किए और जल बचाओ अभियान संबंधी चर्चा हुई। इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री प्रमाण सागर जी महाराज ने कहा कि हम सभी को बहुत सारे ऐसे अवसर मिलते हैं लेकिन हम खो देते हैं,हम जो चाहे ऐसे अवसर कब मिलते हैं,हमारे लिए हर पल नया अवसर मिलता है, जीवन में ऊंचा उठाने का,मेरा जीवन मेरे लिए एक अच्छा अवसर है। हर क्षण एक अवसर बनकर आया है। नुकसान से भी हम सीखें यह सकारात्मक सोच है। हम सब खुद की वजह से दुखी हैं ,दृष्टि विकसित कर लो तो दुख में भी सुख दिखेगा। यह अवसर मिल रहा है की संत समागम मिला है, यह जो सत्संग मिला है लाभ लेना है। आप व्यसनों ,बुराइयों को अलविदा करें । सही अवसर पर जो बीज बोता है वह सही फल पाता है। यह स्टेशन ऐसा है जहां सभी गाड़ियां रूकती हैं। श्रद्धा और संकल्प का बीजारोपण करने का अवसर है। एक व्यक्ति ने कहा था कि मैंने अपने जीवन का स्वर्णिम अवसर खो दिया है, जागते हुए का एक क्षण भी कीमती है। प्रभु शरण में जीवन धन्य हो जाता है। गुरु चरणों में हमेशा शरणार्थी बनकर आओ। जागृत आत्मा पल में आगे बढ़ जाता है। ताल ठोककर कार्य करो,जीवन को मंदिर बनाओ,जो परमार्थ में लगा दोगे अमर बन जाएगा। अच्छे काम को तत्काल कर डालिए, अवसर मिला है लोगों की सेवा करने का। प्रातः काल की बेला में मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने भावना योग के माध्यम से बताया कि आज के भागम भाग जीवन को व्यवस्थित करने के लिए भावना योग अति आवश्यक है।भावना योग तन को स्वस्थ, मन को मस्त व आत्मा को पवित्र बनाने का अभिनव प्रयोग है। हम जैसी भावना भाते हैं, वैसा होता है। आज व्यक्ति मानसिक तनाव और चिंताओं से ग्रसित है। टेंशन के कारण अनेक रोग जैसे डायबिटीज, हृदय रोग, बीपी को आमंत्रित कर केवल मन से ही नहीं तन से भी अस्वस्थ बना लेते हैं। इस तनाव से उबरने के लिए सकारात्मक भावना से जुड़ने के लिए योग एक महा औषधि है। यह मन को सहज शांति देता है, वहीं यह प्राचीन वैज्ञानिक साधना है।योग करने के लिए ब्रह्म मुहूर्त प्रातः कालीन 4 से 5 बजे का समय सर्वोत्तम होता है।योग हमारी धारणा बुद्धि का विकास करता है और हमारी संकल्प शक्ति को दृढ़ बनाता है जब कभी भी लंबा आसन लगाओ और शरीर में दर्द हो तो अपने मन से शरीर को कमान्ड दो, देखना कोई दर्द महसूस नहीं होगा। तन की बीमारी को कभी मन पर हावी मत होने देना। मैं स्वस्थ हूं, मस्त हूं, यह कमांड अपने मन को दें फिर देखें, आपके अंदर बदलाव आएगा। दवा भी तभी काम करती है जब आपका मन साथ होता हैं। जब तकलीफ हो तो भी यदि आपने तन की तकलीफ को महसूस नहीं किया तो शरीर में स्फूर्ति बनी रहेगी। मन, वचन, तन और आत्मा की शक्ति हम लोगों के पास रोज आती हैं। जिसके पास जितना अधिक बल होता हैं वह उतने अच्छे तरीके से अपनी शारीरिक क्रियाओं को कर लेता है। वचनों की शक्ति के बारे में कहा कि जो जितना अच्छा बोलता है वह स्वयं के साथ ही सामने वाले को भी प्रभावित कर लेता है। मन की शक्ति ऐसी है कि यदि मन को विषयों में लगा दिया जाए तो वही मन बंधन का कारण हो जाता है और यदि मन को विषयातीत कर दिया जाए तो वह मुक्ति का कारण भी बन जाता है। वचनों से भी आपको ताकत मिलती है और अपने मन को कमांड देना आपका शरीर रीचार्ज हो जाएगा। ध्यान क्या है? मन का केन्द्रीयकरण, थोडी देर के लिये अपने मन को एकाग्र करो तो वह शक्ति एक जगह केन्द्रित हो जाती है और वही शक्ति एक दिन आत्मा से परमात्मा बन जाती है। वर्तमान में भावना योग को लॉ ऑफ अट्रेक्शन के रूप में जाना जाता है। तन को स्वस्थ, मन को मस्त और आत्मा को पवित्र बनाने का अभिनव प्रयोग है, हम जैसी भावना भाते हैं वैसा होता है , योग को वर्तमान में लॉ ऑफ अट्रेक्शन के रूप में जाना जाता है। मुनिश्री विमल सागर जी महाराज ने कहा कि सप्त ऋषि हो गए हैं, इन क्षणों को हृदय में विराजमान करें,दुर्लभ वस्तुओं का लाभ मिलना कठिन होता है,जो गुरु सेवा करता है वह गुरु पद प्राप्त कर लेता है,अपनी आत्मा में लीन होना सारभूत है। कमेटी ने निवेदन किया कि 14 मई को मुनि श्री विमल सागर जी, मुनिश्री अनंत सागर जी, मुनि श्री धर्म सागर जी का 26 वां मुनि दीक्षा दिवस बांसा में मनाया जाए।

## संत शिरोमणि सेन महाराज की शोभायात्रा निकाली

**सगोनी।** कुम्हारी नगर में संत शिरोमणि सेन महाराज जी की 724वी जन्म जयंती पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। बैशाख माह की द्वादशी के दिन विगत तीसरे वर्ष आयोजन हुआ। सभी मे उत्साह नजर आ रहा है। चंडी मढ़यिा परिसर मे चंडी माता का पूजन हुआ। हनुमान चालीसा पाठ और उसके उपरांत सेन महाराज जी का पूजन हुआ। वहीं गांव की प्रमुख गलियों से गाजे बाजे डीजे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें सकल सेन समाज के बंधु की उपस्थिति रही। वहीं जगह-जगह भक्तों ने छायाचित्र का पूजन किया भ्रमण के उपरांत परिसर में प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में पुलिस सुरक्षा बल की उपस्थिति नजर आई। आयोजन मे राम किशन सेन, प्रेम लाल सेन, रघुवीर सेन, कड़ोंरी सेन यशवंत सेन, रामकुमार सेन,सुनील सेन, रामगोपाल सेन राजू सेन महेंद्र सेन आदि की उपस्थिति नजर आई।

## उच्च न्यायालय ने भी माना बूंदाबहू मंदिर में आर्थिक अनियमितताएं

### 13 मई में को जवाब प्रस्तुत करने तारीख नियत

**दमोह।** जिले के सबसे प्रतिष्ठित बूंदाबहू मंदिर ट्रस्ट कमेटी द्वारा की अनियमितताओं और आर्थिक अनियमितता की शिकायत लगातार ही शहर के अनेक नागरिकों द्वारा ज्ञापन के माध्यम से की गई थी लेकिन इसके बावजूद भी आज तक प्रशासन द्वारा इस मामले में किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं किए जाने के कारण मजबूरन में शिकायतकर्ताओं को उच्च न्यायालय की शरण लेना पड़ी। जिसके तहत न्यायालय द्वारा इस मामले में अनियमितताओं को गंभीर रूप से मानते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। और 13 मई को जवाब प्रस्तुत करने हेतु तारीख नियत की गई है। उल्लेखनीय की इस संबंध में जबलपुर उच्च न्यायालय में चंद्र गोपाल पौराणिक एवं अन्य के द्वारा याचिका प्रस्तुत की गई थी जिसमें देव जानकी रमण मंदिर बुदा बहू के संबंध में शिकायतों पर उचित कदम उठाने के लिए रजिस्टर सार्वजनिक ट्रस्ट से अनुबिभागीय अधिकारी राजस्व जिला दमोह को आवश्यक निर्देश जारी करने के लिए प्राथमिकता दी गई है।

# जल समस्या को लेकर शासन प्रशासन उदासीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के तहत हर घर में नल से शुद्ध पानी सप्लाई होने की बात की जाती है जिसके तहत मुख्यमंत्री शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में अटल भू जल व अन्य संस्थाओं के द्वारा काम किया जा रहा है लेकिन योजना का संचालन भले कागजों पर कुछ हो पर हकीकत में योजना कुछ और है। ग्रामीण क्षेत्र में भी योजना संचालित है पर कही कही सिर्फ लाइन डली पर पानी आज तक नही पहुंचा। वही नगर में मुख्यमंत्री शहरी पेयजल आपूर्ति योजना करीब 22 करोड़ 95 लाख रुपए की स्वीकृति हुई। शुरुआत से कुछ वर्ष बाद ही सतौआ डेम किनारे से मिट्टी बह गई पर सोचने वाली बात है कि जिम्मेदार जनप्रतिनिधि व प्रशासन कितना सक्रिय हैं कि 2 होने को है पर अभी तक डेम का सुधार कार्य नही हो पाया। जबकि पिछले वर्ष में निविदा सूचना टेंडर प्रक्रिया निकल गई वही जबसे यह योजना चालू हुई नियमित रूप से संचालित नही हो पाई जनप्रतिनिधियों द्वारा सिर्फ वाहवाही ली गई। हर जगह नियमित रूप से पानी सप्लाई की जाती है पर नगर में 3 दिनों में शुरूवात से हुई जो कम नही लेकिन दिनों में वृद्धि होती गई। वर्तमान में 5 दिनों में घरों में पानी पहुंच रहा ऐसे में सोचने वाली बात है कि इस पर ध्यान नही दिया जाता है। जनप्रतिनिधि ने शुरुआत में ध्यान दिया लेकिन फिर कोई सरोकार नही जिससे पानी सप्लाई में सुधार नही हो पा रहा है। ज़िला कलेक्टर से मांग है कि नगर की जल सप्लाई योजना में सुधार हो ताकि नियमित रूप से सप्लाई पहुंच सकें।

# कलेक्टर ने शहर के तालाबों का लिया जायजा



### तालाबों के संरक्षण-संवर्धन के लिये कार्य योजना बनाकर काम करेंगे

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर आज सुबह 6:00 बजे से दमोह शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थित तालाबों यथा राजनगर तालाब, बेलाताल, दीवान जी की तलैया, पुरेना तालाब, फुटेरा तालाब आदि का मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। उन्होंने कहा हम तालाबों के संरक्षण संवर्धन के लिए कार्य योजना बनाकर जल्द काम शुरू करेंगे। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया तालाबों के निरीक्षण का उद्देश्य यह है कि मैं यहां की जानकारी प्राप्त करूं, यहां की भौगोलिक स्थिति और सारी चीजों के बारे में पता करूं और साथ में इसके संरक्षण को लेकर हम अभी गर्मियों के समय में क्या कर सकते हैं ताकि बारिश में उसका पूरा लाभ शहर की जनता को प्राप्त हो और तालाबों को कैसे सुरक्षित और संरक्षित बनाया जा सके, उन्होंने कहा सभी तालाब शहर की धरोहर हैं। यह बने रहें, खुर्द-बुर्द ना हो, संरक्षित रहे यह हमारा कर्तव्य है और इसलिए हमने सभी जगह का निरीक्षण किया और यहां की प्रमुख चुनौतियों और समस्याओं को चिन्हित किया, यहां के स्थानीय निवासियों से भी चर्चा हुई उन्होंने भी कई बाते बताई है। उन्होंने कहा हम एक-एक करके इन पर काम करना शुरू करेंगे। कलेक्टर ने कहा कल से हमारा काम शुरू हो जाएगा और इसमें जनता से भी अपील करूंगा कि वे आगे आकर हिस्सा लें, जन भागीदारी की जहां पर बात आएगी वहां पर जनता से सहयोग मांगेंगे और इसमें जनता के यादि कोई सुझाव हो, तो वह भी हम निरंतर लेंगे, ताकि इनको हम सुरक्षित और संरक्षित करने का काम समय सीमा में कर सकें।

फूड पॉयजनिंग से बचाव के संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाईजरी

# गर्मी के मौसम में फूड पॉयजनिंग से बरतें सावधानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक ने बताया गर्मी के मौसम में शरीर की पाचन क्षमता कमजोर हो जाती है। खाने-पीने की चीजे भी जल्दी खराब हो जाती है। गलत खान-पान और सफाई के अभाव में संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में गर्मी के मौसम में फूड पॉयजनिंग होना आम है। उन्होंने बताया फूड पॉयजनिंग होने पर पेट में दर्द, उल्टी और मितली जैसी समस्या होती है। कई बार दस्त भी शुरू हो जाते है। ऐसे में खानपान जैसी कुछ बातों का ख्याल बेहद अहम है। सीएमएचओ डॉ. बेक ने गर्मी के मौसम में फूड पॉयजनिंग से बचाव के संबंध में एडवाईजरी जारी करते हुए बताया कि फूड पॉयजनिंग होने पर उपचार के लिए चिकित्सक से संम्पर्क करें। ध्यान रखे की मरीज के शरीर मे पानी की कमी न हो। ज्यादा से ज्यादा पानी पिये। पतली खिचड़ी, चावल का माड़ँ, नारियल का पानी इस्तेमाल में लायें। उन्होंने बताया कि फूड पॉयजनिंग से बचाव के लिए जरूरी है कि गर्मी के मौसम में खान-पान और साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखें। रखे हुए भोजन का सेवन 04 से 06 घण्टे के अंदर कर लें। इससे ज्यादा समय तक खाने की चीजें रखने से खराब हो सकती है। डॉ. जेम्स ने बताया बासी खाना खाने से बचें। गुँथे हुए आटे को फ्रिज में रखकर अगले दिन इस्तेमाल न करें। दूध-दही पनीर आदि डेयरी वाले आहार को ताजा ही इस्तेमाल करें। बाजार में तले-भुने और फास्ट-फूड्स का सेवन न किया जाये। मसाले युक्त चीजों के सेवन से बचें। एक साथ ज्यादा न खाये बल्कि थोड़ा थोड़ा खायें। गोल-गप्पे, कचौड़ी, समोसे, पकोडे, चाउमीन, बर्गर, इत्यादि खुले मे मिलने वाले खाद्य पदार्थो के सेवन से परहेज करने का आग्रह किया है।